## महत्वपूर्ण एवं खास

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** सोमवार को थाना पुसौर में युवती द्वारा अरूण कुमार भोय पिता रामचंद्र उम्र 24 वर्ष सा0 शकरतुंगा पोस्ट लेन्ध्रा थाना बरमकेला के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़िता बताई कि एक निजी संस्थान में कार्य के दौरान अरूण कुमार भोय से जान परिचय हुआ था। उस दौरान अरूण एम्बुलेंस वाहन में हेल्फर का काम करता था। अरूण पिछले दो वर्ष से प्रेम संबंध बनाकर शारीरिक रखा था। युवती बताई कि अरूण को शादी के बाद मिलने-जुलने को कहती तो अरूण मारने पीटने की धमकी देता और जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाता था। अब अरूण को शादी के लिये कहने पर पहचानने से भी इंकार करता है। पीड़िता के लिखित आवेदन पर आरोपी के विरूद्ध धारा 506(बी), 376 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से कांग्रेस चिंतित

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना की दूसरी लहर ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। संक्रमण के रोकथाम को लेकर भूपेश सरकार हर दिन मंथन कर रही है। इसी क्रम में आज सीएम बघेल कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कांग्रेस नेताओं से कोरोना के रोकथाम को लेकर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम समेत प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे। सीएम बघेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कांग्रेस विधायकों से भी कोरोना के रोकथाम को लेकर चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर ने कोहराम मचा दिया है। हर दिन रिकॉर्ड मरीज मिलने से प्रदेश की हालत चिंताजनक हो गई। दूसरी ओर सरकार हर स्तर से कोरोना को मात देने में जुटी हुई है।

### जुआ खेलते 6 पकड़ाए, 92 हजार रुपए नकद, 1 कार व 3 बाइक जब्त

**महासमुंद (आरएनएस)।** पोल्ट्री फर्म के अंदर जुआ खेल रहे 6 व्यक्तियों को साइबर सेल व चौकी की संयुक्त टीम ने पकड़ा है। इसके पास से 92 हजार 370 रुपए, 1 कार व 3 बाइक व 6 मोबाइल जब्त किया गया है। सभी बसना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामला भवंरपुर चौकी क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार साइबर सेल व भंवरपुर पुलिस ने सूचना पर संयुक्त टीम ने शनिवार को दबिश देकर 6 लोगों को पकड़ा है। इनमें ग्राम चनाट निवासी सुनिधर पटेल पिता उदल पटेल(44), नेहरू पटेल पिता धनेसर पटेल (38), कुंजन पटेल पिता जगदीश पटेल (35), बसना निवासी सुनील अग्रवाल पिता चंद्रभान अग्रवाल (58), मोहम्मद समीम पिता मोहम्मद आदम (48) एवं अजगरखार निवासी गोपाल नायक पिता मोहन नायक (45) शामिल हैं। इस कार्रवाई में सायबर सेल महासमुंद प्रभारी उप निरीक्षक संजय सिंह राजपूत व चौकी प्रभारी उमाकान्त तिवारी, प्रआर जनक उरांव, आरक्षक रवि यादव, संदीप भोई, हेमंत नायक, युगल पटेल, योगेन्द्र दुबे, ललित यादव, त्रिनाथ प्रधान, देव कोसरिया, शैलेन्द्र ठाकुर, गोविंद प्रधान, मनोज मानिकपुरी, डिग्री नंद शामिल थे।

### रेलमार्ग से जगदलपुर पहुंचने वाले यात्रियों का कोरोना परीक्षण अनिवार्य

**जगदलपुर (आरएनएस)।** रेलमार्ग से जगदलपुर पहुंचने वाले सभी यात्रियों का कोरोना परीक्षण अनिवार्य किया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार यात्रियों को पिछले तीन दिनों के भीतर प्राप्त कोरोना परीक्षण का नकारात्मक रिपोर्ट होने पर कोरोना परीक्षण नहीं किया जाएगा अन्यथा अनिवार्य तौर पर तत्काल परीक्षण किया जाएगा। कोरोना जांच की रिपोर्ट नकारात्मक होने पर यात्री को उसके गंतव्य के लिए छोड़ा जाएगा। अन्यथा रिपोर्ट सकारात्मक होने पर गंभीर लक्षण नहीं होने पर होम आइसोलेशन में या स्वयं के व्यय पर शासकीय क्वारन्टीन सेंटर में रहना होगा।

### कोरोना प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वालों पर 36900 रू. अर्थदण्ड

**कोरबा (आरएनएस)।** मास्क न पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने एवं कोरोना प्रोटोकाल तोड़ने वालों पर निगम की कार्यवाही निरंतर भी जारी रही, निगम अमले ने 36900 रूपये का अर्थदण्ड लगाया तथा उन्हें कड़ी हिदायत दी कि वे घर से निकलने पर मास्क अनिवार्य रूप से पहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा कोरोना प्रोटोकाल को न तोड़े।

# अवैध शराब बेचने वालों पर चक्रधरनगर व कोतवाली पुलिस ने की दो बड़ी कार्रवाई

» महुआ शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार, 45 लीटर महुआ शराब व बिक्री की रकम जब्त » ठेले में शराब बेच रही महिला को कोतवाली पुलिस लेकर आई थाने, 86 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त





**रायगढ़।** 14 अप्रैल 2021 से जिले में लगाये जाने वाले लॉकडाउन को लेकर जिला पुलिस की सभी तैयारियां पूर्ण है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा लॉकडाउन के पूर्व आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी तथा मादक पदार्थों का अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री करने की सम्भावना को देखते हुए मुखबिर लगाकर कार्यवाही के निर्देश सभी प्रभारियों को दिये गये हैं, दिशा निर्देशों पर कार्यवाही करते हुये आज थाना कोतवाली एवं चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा अवैध शराब बिक्री पर दो बड़ी कार्यवाही किया गया है।

थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक आभनवकात सिह को मिली सूचना पर थाना चक्रधरनगर से प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत हमराह आरक्षक विक्कू सिंह, संदीप मिश्रा, धीरेन्द्र पण्डेय एवं सुशील यादव ग्राम संबलपुरी जाकर अवैध शराब बिक्री का पता लगाये, जगल अदर वनदेवी मंदिर के पीछे अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर स्टाफ घेराबंदी कर दबिश दिये, वहां पुलिस को देखकर पीने वाले भाग गए तथा बिक्री करने वाला व्यक्ति पकड़ा नान्हू खांड़या स/ह कुजराम खांड़या उम्र 58 वर्ष साकिन कोरियादादर थाना चक्रधरनगर को पुलिस टीम पकड़ी। आरोपी के पास 2 लीटर वाली स्प्राइट व थम्सअप की 20 बॉटल तथा 05 लीटर वाली जरिकेन में कुल 45 लीटर महुआ शराब कीमती 4,500 रूपये, बिक्री रकम 200 एवं डिस्पोजल गिलास के साथ पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(1) (क), 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर एवं हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक सुखलाल सिदार, आरक्षक उत्तम सारथी, मनोज कुमार पटनायक एवं महिला आरक्षक एलिसा टोप्पो द्वारा आज शाम ढिमरापुर के पास सागर मेडिकल गली में घर के बाहर ठेले पर अफसाना परवीन पति मो. हफीज उम्र 40 वर्ष निवासी ढिमरापुर सागर मेडिकल गली रायगढ को अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना पर पकड़ा गया है। इसके पहले भी शराब बेचने की सूचना पर कोतवाली पुलिस छापेमारी की थी, उस समय दुकान पर शराब नहीं मिला था। आज छापेमारी में आरोपिया के पास से 64 पाव देशी मसाला शराब, 19 पाव देशी प्लेन एवं 03 पाव अंग्रेजी सिंडीकेट शराब जुमला 86 पाव शराब 15.48 लीटर कीमती 7,640/- रूपये जप्त किया गया है। कोतवाली थाने में आरोपिया पर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कारवाई की गई है।

## कोविड टीकाकरण में बुजुर्ग बढ़चढ़ कर निभा रहे सहभागिता



**रायगढ़ ।** कोविड टीकाकरण में पूरे जिले में बुजुर्ग बढ़चढ़ के सहभागिता निभा रहे हैं। साल्हे छिंद निवासी 78 वर्षीय मनोहर साहू ने आज कोविड टीके की पहली खुराक ली। टीका लगवाने के बाद वे काफी उत्साहित नजर आए उन्होंने कहा कि उनके परिवार से उनके बेटे, बहुओं सहित कुल 4 लोगों ने टीका लगवाया है। टीका लगवाने के बाद वे काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दूसरे सभी पात्र लोगों से भी जल्द टीका लगवाने की अपील की।

इसी प्रकार चपले में 82 वर्षीय श्रीमति रतन कुंवर अपने पति श्रीधर राठिया के साथ टीका लगवाने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि तबीयत खराब होने के कारण वे पहले टीका नही लगवा पायी अब स्वास्थ्य ठीक होने पर सबसे पहले टीकाकरण के लिए आये हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक है उन्हें जल्द टीका लगवाना चाहिए। इसी प्रकार आज बैंक कालोनी निवासी 78 वर्षीय कमला भाठिया, सुभाष नगर के 52 वर्षीय गोविन्द राहा, बजरंग पारा के 48 वर्षीय शकुन्तला यादव, कोतरा रोड के 53 वर्षीय महेन्द्र कुमार तिवारी, विनोबानगर की 56 वर्षीय सीतामति यादव, तमनार की 75 वर्षीय अहिल्या बाई साहू तथा एसएचसी खम्हारडीह ग्राम-भोजपुर के 69 वर्षीय राम रतन निराला ने कोविड टीकाकरण करवाया। सभी ने दूसरों से अपील करते हुए कहा कि जितने भी पात्र लोग हैं उन्हें जल्द टीकाकरण करवाना चाहिए।

## कंटेनमेंट जोन अवधि में मेडिकल दुकानें प्रात:10 से सायं 6 बजे तक एवं पेट्रोल पम्प प्रात:10 से शाम 4 बजे तक रहेंगी खुलेंगी

### » पूर्व में जारी आदेश में हुआ संशोधन



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि को देखते हुये रायगढ़ जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 14 अप्रैल 2021 को प्रातः 6 बजे से 22 अप्रैल 2021 को रात्रि 12 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया है।

कलेक्टर सिंह द्वारा जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसमें मेडिकल दुकानें प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक खुली रहेंगी। अस्पताल परिसर में स्थित मेडिकल स्टोर्स उपरोक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

रायगढ़ शहर स्थित पेट्रोल पम्प जिनमें ट्रायबल पेट्रोल पम्प, पुलिस पेट्रोल पम्प, एस.एन.गुप्ता पेट्रोल पम्प, श्याम पेट्रोल पम्प, मेसर्स साई पेट्रोल पम्प एवं मेसर्स हरि पेट्रोल पम्प शासकीय एवं आपातकालीन सेवाओं के लिये प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालन की अनुमति होगी। नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के बाहर स्थित पेट्रोल पंप हेतु समय-सीमा का प्रतिबंध नहीं होगा। आदेश की शेष शर्ते एवं निर्देश यथावत रहेंगे।

### कलेक्टर ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज शाम जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुये विभागीय कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के नवीन मद की योजनायें, खरीफ एवं रबी की उपलब्धि, मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2017-18 के कार्यों की अद्यतन स्थिति, मनरेगा अंतर्गत प्रस्तावित एवं स्वीकृत कार्य तथा वन प्रकरण स्थिति के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर सिंह ने विकासखण्डवार मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। ईई जल संसाधन ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत हुये 40 कार्यों में 7 पूर्ण एवं 23 प्रगतिरत है। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जो कार्य अधूरे है उन्हें समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये। ईई जल संसाधन ने बताया कि भुजबंधान जलाशय मरम्मत कार्य, रनभांठा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य, तरकेला जलाशय का मरम्मत कार्य, माण्ड नदी पर लात के पास डाईक का कार्य एवं माण्ड नदी पर टिमटिमा के पास डाईक कार्य हेतु डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर सिंह ने केलो नदी की साफ-सफाई कराने के विशेष निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने भू-अर्जन के लंबित भुगतान हेतु राशि की मांग के लिये पत्र भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने बिलासपुर जलाशय में वोटिंग प्रारंभ कराने के लिये आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के लिये कहा। उन्होंने लिलार व्यपवर्तन में जिस किसान द्वारा नहर कार्य के निर्माण कार्य में रोक लगाया जा रहा है उसे सारंगढ़ एसडीएम को अवगत कराने कहा और वहां कार्य शीघ्र चालू करने के निर्देश दिये। इस मौके पर जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## मोबाईल शॉप पर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### » आरोपियों से 7 नए मोबाईल जब्त, घरघोड़ा पुलिस की कार्रवाई



**रायगढ़/घरघोड़ा।** जयस्तंभ चौक घरघोडा में साज कम्प्यूटर एण्ड मोबाईल दुकान से दिनांक 03.04.2021 की रात्रि दुकान के ऊपर दरवाजा से प्रवेश कर दुकान में रखे 07 नग नये मोबाइल की चोरी करने वाले लैलूंगा क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों को घरघोड़ा पुलिस गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजी है।

जानकारी के अनुसार साज कम्प्यूटर एण्ड मोबाईल दुकान के संचालक अनिल कुमार गुप्ता ग्राम कमतरा बताया कि दिनांक 03.04.2021 के रात्रि दुकान बंद कर घर चला गया, दूसरे दिन सुबह आकर देखा तो दुकान के पीछे ऊपर का दरवाजा खोलकर अज्ञात आरोपी दुकान अंदर रखे रियल मी 04 नग तथा टेक्नो 03 नग कुल 07 नग मोबाईल जुमला कीमती 58,500 रूपये को चोरी कर ले गया है।

थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा थाने के प्रधान आरक्षक मनोज मरावी एवं हमराह स्टाफ को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिये लगाया गया था, स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर आज लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम झगरपुर में रहने वाले दीपक भगत व ताराचंद राठिया को चोरी की मोबाइल रखने के संदेह पर हिरासत में लिया गया। घरघोड़ा टीआई अमित सिंह को मुखबिर द्वारा बताया गया था कि दोनों नये मोबाइल बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे हैं। आरोपियों के मेमोरेंडम पर चोरी के 07 मोबाइल मोबाईल जुमला कीमती 58,500 रूपये का बरामद कर आरोपी (01) दीपक भगत पिता सनतराम भगत उम्र 19 वर्ष तथा (02) ताराचंद राठिया पिता लीलाधर राठिया उम्र 21 वर्ष दोनो ग्राम झगरपुर थाना लैलूंगा को चोरी के संबंध में थाना घरघोड़ा में दर्ज अप.क्र. 94/2021 धारा 457,380 भादवि में आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## आज प्रदेश के चार जिलों में लगेगा लॉकडाउन

**रायपुर (आरएनएस)।** में बढ़ते कारोना संक्रमण को देखते हुए कई जिलों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। बस्तर को छोड़कर लगभग सभी जिलों में लॉकडाउन एक बार फिर लौट आया है। वहीं कवर्धा जिले में आंशिक लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया गया है। वहीं, प्रदेश के 20 जिलों में संपूर्ण लॉकडाउन का ऐलान किया गया है। जहां पर प्रशासन की सख्ती पहले से ज्यादा होगी।

यहां सिर्फ मेडिकल स्टोर को छोड़कर सभी दुकानों को बंद रखने का ऐलान किया गया है। सब्जी, किराना और शराब दुकानें भी लॉकडाउन के दौरान बंद हैं। मेडिकल इमरजेंसी के लिए अस्पताल खुले हैं। साथ ही वैक्सीनेशन का भी काम जारी है।

आज दोपहर 3 बजे से कोरबा में लॉकडाउन शुरू होगा। सरगुजा में 13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन का ऐलान। गरियाबंद में 13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन का ऐलान। जांजगीर में 13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन का ऐलान। सूरजपुर में 13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन का ऐलान। बिलासपुर में 14 से 21 अप्रैल लॉकडाउन का ऐलान। रायगढ़ में 14 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन का ऐलान। महासमुंद में 14 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन का ऐलान। दुर्ग जिले में 6 से 14 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी। रायपुर में 9 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी। कवर्धा में 9 अप्रैल से आगामी आदेश तक आंशिक लॉकडाउन जारी। राजनांदगांव में 10 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी। बेमेतरा में 10 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी। बालोद में 10 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन जारी। बलौदाबाजार में 11 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन। कोरिया जिले में 11 से 19 अप्रैल तक लॉकडाउन । धमतरी जिले में 11 से 26 अप्रैल तक लॉकडाउन। जशपुर जिले में 11 से 18 अप्रैल तक लॉकडाउन। मुंगेली में 14 से 21 अप्रैल तक लॉकडाउन। बलरामपुर में 14 से 25 अप्रैल तक लॉकडाउन। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 14 से 21 अप्रैल तक लॉकडाउन। बलरामपुर में आज से प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है.. यहां सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक ही दुकानें खुलेगी।

## लॉकडाउन की घोषणा के बाद आज बाजार में बेतहाशा भीड़

### » सब्जी खरीदने कोरोना के खतरे भी भूल गए लोग

**महासमुंद (आरएनएस)।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए 14 अप्रैल से 22 अप्रैल तक जिले में लॉकडाउन की घोषणा के बाद आज बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। खासकर सब्जी बाजार में अनियंत्रित भीड़ देखी गई यही स्थिति किराना दुकानों में भी रही।

जिले में लगातार तीसरे दिन कोरोना पॉजीटिव का आंकड़ा 500 के पार पहुंचा है। शनिवार को जिले भर में 533 मरीजों की पहचान हुई इसके पूर्व 9 अप्रैल को 548 और 8 अप्रैल को 517 मरीजों की पहचान की गई थी। इन 3 दिनों में 7 लोगों की मृत्यु हुई। शनिवार को 533 मरीजों की पहचान 1253 लोगों की जांच में हुई जिसकी संक्रमण दर 42 प्रतिशत है।

इसमें महासमुंद से 170 ,बागबाहरा से 97, पिथौरा से 129 ,बसना से 67 और सरायपाली से 70 लोगों की पहचान हुई। अब तक जिले में 14165 लोग संक्रमित हो चुके हैं इनमें 10059 स्वस्थ हुए हैं। अब तक 181 लोगों की मौत भी हो चुकी है इसी के साथ एक्टिव केस की संख्या 3925 पहुंच गयी है। लॉकडाउन की घोषणा के साथ ही सब्जी बाजार में आज लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।

## मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से बच्चों के चेहरे पर आ रही रौनक

### » कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियोकॉल से हितग्राहियों से की बात



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज अपने कक्ष से मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के हितग्राही अहिल्या बरेठ एवं अंजलि टोप्पो से वीडियो कालिंग के माध्यम से बात की और उनका हालचाल जाना। कलेक्टर सिंह ने हितग्राहियों से उनको मिलने वाले गरम भोजन के बारे में जानकारी ली। अंजलि ने बताया कि गरम भोजन मिलता है, साथ ही अण्डा भी मिलता है। अंजली ने कहा कि मेरी बेटी अवनी एक कुपोषित बच्ची थी, लेकिन मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से अब उसके चेहरे पर रौनक आ गई है। पहले उसका वजन अक्टूबर 2020 में 7.5 किलो ग्राम था, जो बढ़कर अब 8.7 किलो ग्राम हो गया है।

कलेक्टर भीम सिंह द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार विभागीय समीक्षा कर आगे की रणनीति तैयार कर कार्य किया जा रहा है। कुपोषण मुक्ति के लिये रायगढ़ जिले में डीएमएफ से एक बड़ी राशि खर्च की जा रही है। वहीं स्थानीय स्तर पर विभिन्न नवाचारी प्रयासों से कुपोषण मुक्त जिला की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। कोरोना संकट के बीच कुपोषित बच्चों को टिफिन से गरम भोजन घर पहुंचा कर देना, कुपोषण मुक्त पंचायत की अवधारणा जैसे प्रयासों के परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखने लगे हैं। बच्चे धीरे धीरे कुपोषण के अभिशाप से निकलते जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर सिंह ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनका फीडबैक लिया।

उल्लेखनीय है कि 06 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया तथा 15 से 49 वर्ष आयु के महिलाओं को एनीमिया से मुक्त कराने के लिए पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत जहां एक ओर स्वास्थ्य परीक्षण में कुपोषण और एनिमिया की मुफ्त जांच की जा रही है, वहीं दूसरी ओर भोजन में जरूरी पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए परामर्श एवं इलाज के साथ आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। सुपोषण अभियान के तहत जिले को जल्द कुपोषण और एनिमिया से मुक्त करने की रणनीति सहित क्रियान्वयन की गति तेज कर दी गई है।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी प्रतिदिन गृह भेंट व परिवार को समझाइश प्रारंभ रखते हुए उनके खान-पान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यकर्ता द्वारा गृहभेंट कर पूरी जानकारी लेते हुए माता-पिता दोनों को जानकारी देते हुए रेडी-टू-इट के नियमित सेवन और घर पर ही बने भोजन को खिलाने के तरीके भी बताये जा रहे है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480